संयुक्त उच्चतर माध्मिक स्तर परीक्षा (CHSLE) -2015 द्वारा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए सूचना

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा संयुक्त उच्चतर माध्मिक स्तर परीक्षा (CHSLE)-2015 का परिणाम दिनांक 29 अगस्त 2017 को घोषित किया गया है। संयुक्त उच्चतर माध्मिक स्तर परीक्षा (CHSLE)-2015 के द्वारा कुल 999 अभ्यर्थियों को डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग में मनोनीत किया गया।

2 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद के लिए मनोनीत अभ्यर्थियों के राज्य का आबंटन कंप्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जायेगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें और log into the URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर अपने व्यकितगत सूचना, राज्य पराथमिकता और अनुपरमाणन फॉर्म की विस्तृत जानकारी भरें। ऑनलाइन प्रक्रिया 25 सितम्बर 2017 से प्रारम्भ होगी। ऑनलाइन सूचना भरने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2017 है।

3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सम्बंधित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढें। विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात अपने व्यक्तिगत सूचना (एकप्रति), राज्य प्राथमिकता (एकप्रति) और अनुप्रमाणन फॉर्म (दोप्रति) का प्रिंटले लें। इसकी मूल प्रति पर अपने हस्ताक्षर कर के इसे कार्यालय को दिनांक 30 अक्टूबर 2017 तक भेज दिया जाना चाहिए।

4. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात (CHSLE)-2015 और पदनाम अर्थात डाटा एन्ट्री ऑपरेटर अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और अनुप्रमाणन फॉर्म को स्पीड पोस्ट से भेजें।

वी एस वेंकटानाथन

सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,

9, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,

नई दिल्ली-110124